**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2528**
**दिनांक 10 अगस्त 2026**

**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी**

2528 **डा. अशोक कुमार मित्तलः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में खुदरा ईंधन बिक्री केंद्रों पर ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अब तक हुए प्रचालनगत प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) एथेनॉल मिश्रण लक्ष्यों में वृद्धि के माध्यम से कच्चे तेल के आयात संबंधी व्यय तथा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में अब तक अनुमानित कितनी कमी आई है;

(ग) क्या सरकार ने फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के उत्पादन में तेजी लाने के लिए मूल उपकरण निर्माताओं हेतु कोई विशिष्ट प्रोत्साहन निर्धारित किए हैं;

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर एथेनॉल भंडारण क्षमता के विस्तार के लिए किए गए निवेश का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आपूर्ति श्रृंखलागत बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) और (ख): भारत ने चरणबद्ध नीति विकास, हितधारक परामर्श, वैज्ञानिक मूल्यांकन और क्षमता निर्माण के दो दशकों से अधिक समय के बाद मूल लक्ष्य से पांच साल पहले 20% इथेनॉल मिश्रण को प्राप्त कर लिया है। इस शुरुआत से पहले इथेनॉल उत्पादन क्षमता, खुदरा बुनियादी ढांचे की तत्परता, ईंधन गुणवत्ता मानकों और वाहन अनुकूलता आकलन में प्रगतिशील वृद्धि की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि परिवर्तन क्रमिक, सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से मान्य रहे। ईएसवाई 2025-26 के दौरान दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, 743 करोड़ लीटर से अधिक इथेनॉल मिश्रित किया गया है, जिससे पेट्रोल में 20% के औसत इथेनॉल मिश्रण को बनाए रखा गया है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2014-15 से ईएसवाई 2025-26 (जून 2026 तक) तक, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा इथेनॉल मिश्रण के परिणामस्वरूप 1.97 लाख करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी विनिमय की बचत हुई है और लगभग 952 लाख मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आई है।

(ग) सरकार ने 20 प्रतिशत से अधिक इथेनॉल के साथ मिश्रित ईंधन पर चलने वाले फ्लेक्स-ईंधन वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग से कोई चरणबद्ध राष्ट्रीय नीति तैयार नहीं की है।

(घ) ओएमसीज पिछले कुछ वर्षों में इथेनॉल की अधिक मात्रा और मिश्रण प्रतिशत को संभालने के लिए भंडारण क्षमता और अन्य संबद्ध बुनियादी ढांचे (क्षमता विस्तार निवेश के माध्यम से) में वृद्धि कर रही

हैं। ओएमसीज के साथ इथेनॉल भंडारण वर्तमान में लगभग 85 करोड़ लीटर (ई20 मिश्रण आवश्यकता के लिए लगभग 30 दिनों का कवर) है।

(ड.): देश भर में इथेनॉल के उत्पादन को समर्थन देने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ इथेनॉल उत्पादन के लिए फीडस्टॉक का विस्तार, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत इथेनॉल अधिप्राप्ति के लिए प्रशासित मूल्य तंत्र, ईबीपी कार्यक्रम के लिए इथेनॉल पर जीएसटी दर को घटाकर 5% करना, वर्ष 2018-22 के दौरान विभिन्न इथेनॉल ब्याज सहायता योजनाएं (ईआईएसएस) शुरू करना, सहकारी चीनी मिलों के लिए मौजूदा गन्ना आधारित डिस्टिलरी को शीरे के साथ-साथ अनाज से इथेनॉल उत्पादन के लिए बहु-फीडस्टॉक संयंत्रों में बदलने हेतु एक समर्पित सहायता योजना, ओएमसी और समर्पित इथेनॉल संयंत्रों के बीच दीर्घकालिक ऑफटेक समझौते (एलटीओए), लिग्नोसेलुलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करके देश में उन्नत जैव ईंधन परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु "प्रधानमंत्री जी-वन (जैव ईंधन- पर्यावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना" अधिसूचित करना, इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए इथेनॉल का बहुविध परिवहन और इथेनॉल के उच्च मिश्रणों को संभालने के लिए अन्य संबद्ध बुनियादी ढांचे के साथ-साथ इथेनॉल भंडारण क्षमता में वृद्धि करना शामिल है।

*****